E-11011/1/2001-Admn 14935 22/6/2023

1/482062/2023

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
विकास आयुक्त का कार्यालय
नौएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र
नौएडा-दादरी रोड, फेज-**II**, नौएडा**201305 -**

## कार्यालय ज्ञापन

विषय -: कार्यालय मे दिनांक 15.06.2023 को आयोजित हिंदी तिमाही अप्रैल से जून 2023 की बैठक के कार्यवृत्त से सम्बंधित |

आपको सूचित किया जा रहा है कि कार्यालय मे दिनांक 15.06.2023 को विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता मे हिंदी तिमाही बैठक का आयोजन किया गया| बैठक मे लिए गये निर्णय/वार्तालाप से सम्बंधित कार्यवृत पत्र के साथ सलग्न है |सभी अनुभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपने -अपने अनुभाग से सम्बंधित बिंदुओं पर ध्यान दें एवं आवश्यक कार्यवाही करें |

भवदीय,

संलग्नक:- यथोक्त |

22/6/2023
(राजेश कुमार)
उप विकास आयुक्त

सभी अनुभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों

# दिनांक 15.06.2023 को आयोजित हिंदी बैठक और संगोष्ठी का कार्यवृत्त ।

कार्यालय मे पिछली अप्रैल से जून 2023 तिमाही हिंदी बैठक और संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 15.06.2023 को विकास आयुक्त महोदय की उपस्थिति में आयोजित की गई।

1. विकास आयुक्त महोदय ने अवगत कराया कि दिनांक 06.06.2023 को नई दिल्ली में राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी मेले मे अपनी स्टाल लगाई, जिसमे कार्यालय द्वारा प्रकाशित हिंदी 'प्रेरणा' पत्रिका के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय संस्करण की लगभग 550 प्रतियाँ का वितरण किया गया |
2. विकास आयुक्त एवं सयुंक्त विकास आयुक्त महोदय ने बताया कि नई दिल्ली मे राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी मेले मे लगाई गयी स्टाल्स से अपने कार्यालय की लाईब्रेरी हेतु कुछ हिंदी पुस्तके खरीदी|
3. सयुंक्त विकास आयुक्त महोदय ने आदेश दिया कि सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए हिंदी किताबें खरीदकर बांटी जाए |
4. विकास आयुक्त महोदय ने नौएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र के आस पास के सरकारी स्कूलों मे बेसहारा एवं असक्षम छात्रों की जानकारी हेतु हिंदी राजभाषा अधिकारियो/कर्मचारियों को मुआयना करने हेतु आदेश दिया ताकि उनको कार्यालय की तरफ से कुछ वस्तुएं दी जा सकें |
5. विकास आयुक्त महोदय ने आदेश दिया कि कार्यालय द्वारा जो भी हिंदी रिपोर्ट भेजी जाती है उस रिपोर्ट के सभी कॉलम भरने है लगभग कोई भी कॉलम खाली नही होना चाहिए |
6. विकास आयुक्त महोदय ने आदेश दिया कि हिंदी पत्रिका 'प्रेरणा' का चतुर्थ संस्करण जुलाई मे प्रकाशित किया जाए और उस संस्करण मे वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों के बारे में लिखना है|
7. विकास आयुक्त महोदय ने कहा कि हम लोग हिंदी पत्रिका 'प्रेरणा' के चतुर्थ संस्करण मे प्रथम - विकास आयुक्त महोदय का सन्देश; द्वितीय -कार्यालय द्वारा आयोजित बैठकों के कार्यवृतो के कितने शब्दों का हिंदी अनुवाद किया; तृतीय - वाणिज्य मंत्रालय द्वारा किये गए सराहनीय कार्य का विवरण; चतुर्थ- नौएडा एसईजेड के आंकड़े और उसके बाद अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दिए गये लेख आदि दर्शाने हेतु आदेश दिया |
8. विकास आयुक्त महोदय ने कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया कि हिंदी पत्रिका 'प्रेरणा' के चतुर्थ संस्करण हेतु अधिक से अधिक लेख देकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें |
9. विकास आयुक्त महोदय ने कार्यालय हेतु हिंदी कनिष्ठ अनुवादक का पद

भरने हेतु सा.वि. आयुक्त (प्रशासन) को अग्रिम कार्यवाही हेतु आदेश दिया |

10. संयुक्त विकास आयुक्त महोदय ने कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया कि हिंदी को बढ़ावा देने हेतु सभी पत्र द्विभाषीय जारी किये जाने चाहिए |
11. विकास आयुक्त महोदय ने कार्यालय मे जुलाई माह मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करने के लिए आदेश दिया |
12. एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन के समय कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे हिंदी को बढ़ावा देने हेतु दो –दो पंक्तियाँ लेकर आये जिससे हिंदी को और अधिक बढ़ावा मिल सकें |
13. अध्यक्ष महोदय ने हिंदी तिमाही की अग्रिम बैठक/कार्यशाला के लिए जुलाई 2023 मे सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिया |
14. संगोष्ठी में बताया गया कि हिंदी के सॉफ्टवेयर जैसे कंठस्थ का उपयोग कर्मचारियों को अवश्य करना चाहिए।
15. बैठक और संगोष्ठीअध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के पश्चात सम्पन्न हुई।

***********